Total No. of Printed Pages—9

**HS/XII/A. Sc. Com/H/13**

**2 0 1 3**

# HINDI

## ( Modern Indian Language )

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A Objective Questions serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

SECTION—I

**( गद्य एवं पद्य )**

( *Marks* : 20 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1×10=10

(क) हरिवंश राय बच्चन हालावाद के सर्वश्रेष्ठ कवियों में एक हैं।

(ख) अच्छी बात या अच्छी कविता का बनना सही बात का सही शब्द से जुड़ना जरूरी नहीं है।

(ग) बाज़ार के जादू से बचने का एकमात्र उपाय यह है कि मन खाली नहीं रहना चाहिए।

(घ) लुट्टन पहलवान ढोल को अपना गुरु मानता था।

(ङ) 'बादल-राग' क्रान्ति की आवाज़ का परिचायक है।

(च) लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण देवानन्द को कहा है।

(छ) रज़िया सज्जाद ज़हीर का आधुनिक उर्दू कथा-साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है।

(ज) गोस्वामी तुलसीदास कृष्णभक्ति शाखा के सर्वोपरि कवि हैं।

(झ) डॉ० भीमराव अम्बेडकर भारत संविधान के निर्माताओं में से एक थे।

(ञ) सूर्योदय से पहले आकाश का रंग गहरे पीले रंग का होता है।

**2.** कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(क) उहाँ राम लछिमनहि निहारी। बोले वचन —— अनुसारी॥
(मनुज / अनुज)

(ख) "मैं फूट पड़ा, तुम कहते, छंद बनाना।" —— कविता की पंक्ति है।
(आत्मपरिचय / बादल-राग)

(ग) 'पर्चेजिंग पावर' का अर्थ है ——।
(बेचने की शक्ति / खरीदने की शक्ति)

(घ) ''मुहब्बत तो कस्टम से इस तरह गुज़र जाती है कि कानून हैरान रह जाता है।'' —— का कथन है। (कस्टम अफ़सर / पुलिस अफ़सर)

(ङ) समकालीन हिन्दी कविता और आलोचना में —— एक विशिष्ट हस्ताक्षर है। (विष्णु खरे / शमशेर बहादुर सिंह)

**3.** प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) 'शेर के बच्चे' का टायटिल किसे प्राप्त था?

*(i)* लुट्टन को

*(ii)* चाँद सिंह को

*(iii)* बादल सिंह को

*(iv)* राजा साहब को

(ख) 'बात की चूड़ी मर जाना' का अर्थ क्या है?

*(i)* बात का पकड़ में न आना

*(ii)* बात में कसावट का न होना

*(iii)* बात का प्रभावहीन हो जाना

*(iv)* बात को सहज और स्पष्ट करना

(ग) ''स्लेट पर या लाल खड़िया चाक मल दी हो किसी ने।'' किसकी पंक्ति है?

*(i)* हरिवंश राय बच्चन

*(ii)* आलोक धन्वा

*(iii)* कुँवर नारायण

*(iv)* शमशेर बहादुर सिंह

(घ) 'बाज़ार दर्शन' गद्य की कौन-सी विधा है?

*(i)* कहानी

*(ii)* निबन्ध

*(iii)* संस्मरण

*(iv)* आत्मकथा

(ङ) किसके फिल्मों ने दर्शकों की वर्ग तथा वर्ण व्यवस्था को तोड़ा है?

*(i)* अमिताभ बच्चन

*(ii)* राज कपूर

*(iii)* चार्ली चैप्लिन

*(iv)* देवानन्द

## SECTION—II

**( व्याकरण तथा रचना )**

( *Marks* : 30 )

**4.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *100* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) मेरा जीवन लक्ष्य

(ख) मेघालय के लोक-नृत्य

(ग) लन्दन ओलम्पिक्स में भारत का प्रदर्शन

(घ) आदर्श विद्यार्थी

(ङ) प्रदूषण की समस्या : कारण और निदान

**5.** भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट करते हुए दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को एक पत्र लिखिए। 10

**अथवा**

अपने मित्र को परीक्षा में सफलता प्राप्त होने पर एक बधाई-पत्र लिखिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में (क) **अथवा** (ख) का उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

अहिंसा बिना सत्य की खोज असम्भव है। अहिंसा और सत्य ऐसे ओत-प्रोत हैं जैसे सिक्के के दोनों रुख या दो पहलू। उसमें किसे उल्टा कहें, किसे सीधा? फिर भी अहिंसा को साधन और सत्य को साध्य मानना चाहिए। साधन अपने हाथ की बात है। इससे अहिंसा परम धर्म मानी गई। सत्य परमेश्वर हुआ। साधन की चिन्ता करते रहने पर साध्य के दर्शन किसी

दिन कर ही लेंगे। इतना निश्चय करना, जग जीत लेना है। हमारे मार्ग में चाहे जो संकट आए, बाह्य दृष्टि से देखने पर हमारी चाहे जितनी हार होती दिखाई दे तो भी हमें विश्वास न छोड़कर एक ही मंत्र अपना जपना चाहिए—सत्य है, वही है, वही एक परमेश्वर है। उसके साक्षात्कार का एक ही मार्ग है, एक ही साधन अहिंसा, उसे कभी न छोड़ेंगे। जिस सत्यरूप के नाम पर यह प्रतिज्ञा की है, वह हमें इसके पालन का बल दे।

*(i)* सत्य और अहिंसा का क्या सम्बन्ध है?

*(ii)* सत्य को क्या मानना चाहिए?

*(iii)* परमेश्वर से साक्षात्कार का क्या मार्ग है?

*(iv)* ईश्वर से क्या प्रार्थना करनी चाहिए?

*(v)* उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए।

**अथवा**

(ख) *(i)* निम्न शब्दों की सन्धि कीजिए (कोई **चार**) : 1×4=4

(अ) महा + इंद्र

(आ) सत् + जन

(इ) निः + रोग

(ई) विद्या + अर्थी

(उ) मेघ + आलय

(ऊ) महा + उत्सव

*(ii)* निम्न शब्दों के समास-विग्रह कीजिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) राजा-प्रजा

(आ) आजीवन

(इ) गंगाजल

(ई) कमलनयन

(उ) मनचाहा

*(iii)* निम्न वाक्यों में सरल, मिश्रित और संयुक्त वाक्य पहचानिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) महीप दूध पीता है।

(आ) पिताजी अस्वस्थ हैं इसलिए मुझे जाना ही पड़ेगा।

(इ) जो मेहनत करता है वह फल पाता है।

(ई) मैं मुम्बई जाऊँगा।

(उ) वह पढ़ता भी है और अखबार भी बेचता है।

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**7.** निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5×2=10

(क) तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ।
माँगि कै खैबो, मसीत को सोइबो, लैबोको एकु न दैबको दोऊ।

**अथवा**

ज़ोर ज़बरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी।

(ख) श्यामनगर के दंगल और शिकार-प्रिय वृद्ध राजा साहब उसे दरबार में रखने की बातें कर ही रहे थे कि लुट्टन ने शेर के बच्चे को चुनौती दे दी।

**अथवा**

'आवारा' सिर्फ 'दि ट्रैम्प' का शब्दानुवाद ही नहीं था, बल्कि चार्ली का भारतीयकरण भी था। वह अच्छा ही था कि राज कपूर ने चैप्लिन की नकल करने के आरोपों की परवाह नहीं की।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में दीजिए : 2×5=10

(क) 'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है?

(ख) ढोलक की आवाज़ का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

(ग) चार्ली सबसे ज्यादा स्वयं पर कब हँसता है?

(घ) लेखक ने भोर के नभ को राख से लीपा हुआ चौका क्यों कहा?

(ङ) सुनील दासगुप्त कौन थे?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दो**) : 5×2=10

(क) जाति-प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी व भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही है? क्या यह स्थिति आज भी है?

(ख) लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किसे कहा और क्यों?

(ग) विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते—पंक्ति में विप्लव-रव से क्या तात्पर्य है? छोटे ही हैं शोभा पाते—ऐसा क्यों कहा गया है?

(घ) शीतल वाणी में आग के होने का क्या अभिप्राय है?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) सिन्धु सभ्यता साधन सम्पन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडम्बर नहीं था, कैसे?

(ख) ऐन अधिक से अधिक कपड़े ले जाने के लिए क्या करती है, और क्यों?

(ग) सिन्धु सभ्यता का खेती से किस तरह का सम्बन्ध था, स्पष्ट कीजिए।

(घ) ऐन के साथ कौन-कौन से लोग छुपे हुए थे?

(ङ) ऐन फ्रैंक का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

★★★